# जेवर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 1365 हेक्टेयर भूमि का होगा अधिग्रहण

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने नोएडा इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट जेवर के विस्तार के लिए 1365 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। जेवर एयरपोर्ट पर रनवे की संख्या दो से बढ़ाकर तीन की जाएगी। सरकार ने एयरपोर्ट विस्तार के लिए अधिग्रहीत होने वाली भूमि पर बसे लोगों, भवनों, विद्युत लाइनों का पुनर्वास करने की मंजूरी दी है। नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ तथा गौतमबुद्धनगर के डीएम को 1365 हेक्टेयर भूमि के अर्जन का प्रस्ताव पेश करने के निर्देश दिए हैं। भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास पर होने वाले व्यय की आकलन रिपोर्ट देने को कहा है। ब्यूरो